**भवन निर्माण विभाग द्वारा डिपोजिट वर्क के रूप में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के भवन निर्माण संबंधी योजनाओं से संबंधित उपलब्धी :-**

## (1) स्वास्थ्य विभाग:-

**(क) <u>100 शैय्यावाले सदर अस्पताल का निर्माण</u>-**

राज्य के विभिन्न जिलों में 6.19 करोड़ प्रति की लागत से 12 सदर अस्पताल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें से बक्सर, भभुआ, लखीसराय, शेखपुरा, बॉका, जमुई, अररिया, किशनगंज खगड़िया, अरवल एवं सुपौल (आंशिक) जिला में कार्य पूर्ण है।

**(ख) <u>75 शैय्यावाले अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण</u>-**

राज्य के विभिन्न जिलों में 4.19 करोड़ प्रति की लागत से 21 अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें से मसौढ़ी, जगदीशपुर, महाराजगंज डुमरॉव, डिहरी, कहलगॉव, नरकटियागंज, महुआ, बलिया, बेनीपुर, सिमरी बख्तियारपुर, बनमनखी एवं निर्मली में कार्य पूर्ण है।

**(ग) <u>रेफरल अस्पताल का अनुमंडलीय अस्पताल में उत्क्रमण</u>:-**

राज्य के 15 रेफरल अस्पतालों यथा- पालीगंज, राजगीर, मोहनिया, अरेराज, चकिया, धमदाहा, फारबिसगंज, बारसोई, मनिहारी, मझौल, सोनपुर, शेरघाटी, उदाकिशुनगंज, तारापुर एवं फूलपरास का रूपये 36.57 करोड़ की लागत से अनुमंडलीय अस्पताल में उत्क्रमण का कार्य कराया जा रहा है। इसमें से मोहनियां, तारापुर, चकिया, बारसोई, मनिहारी, राजगीर, धमदाहा, शेरघाटी एवं सोनपुर का उत्क्रमण कार्य पूर्ण है।

**(घ) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माणः-**

विभाग द्वारा 62 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण कराया जा रहा है। 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का कार्य पूर्ण है एवं कतिपय स्थानों पर स्थल अनुपलब्धता के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है।

**(ड.) सदर अस्पताल/अनुमंडलीय अस्पताल का उत्क्रमणः-**

25 सदर अस्पताल एवं 22 अनुमंडलीय अस्पतालों के उत्क्रमण की योजना रूपये 23.75 करोड़ एवं रूपये 19.00 पर स्वीकृत की गयी थी जिसके विरूद्ध 23 सदर अस्पताल एवं 19 अनुमंडलीय अस्पतालों के उत्क्रमण का कार्य पूर्ण है।

**(च) अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उत्क्रमणः-**

73 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के उत्क्रमण का कार्य विभाग द्वारा कराया जा रहा है। इसमें से 54 स्थानों पर कार्य पूर्ण है तथा कतिपय स्थानों पर स्थल अनुपलब्धता के कारण कार्य नहीं किया जा सका है।

**(छ) स्वास्थ्य उप केन्द्र का निर्माणः-**

रूपये 52.87 करोड़ की लागत से 689 स्वास्थ्य उप केन्द्रों का निर्माण कार्य विभाग द्वारा 7.674 लाख प्रति केन्द्र की लागत से कराया जा रहा है। इसमें से 301 स्वास्थ्य केन्द्रों का कार्य पूर्ण है।

**(ज) जेनेरिक दवा दुकान का निर्माणः-**

राज्य के 27 सदर अस्पताल, 22 अनुमंडलीय अस्पताल एवं 200 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रूपये 4.892 लाख प्रति केन्द्र की लागत से जेनेरिक दवा दुकान की स्थापना की जा रही है। इसमें से 209 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जेनेरिक दवा दुकान की स्थापना का कार्य पूर्ण है।

(झ) <u>चिकित्सा महाविद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं का विकास</u>:-

राज्य में अवस्थित पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया एवं नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में अतिरिक्त सुविधाओं का विकास तथा जीर्णोद्धार कार्य कराये गये हैं। उक्त योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष-2005-06 एवं 2006-07 एवं 2007-08 में लगभग रूपये 62.00 करोड़ की राशि उपलब्ध करायी गयी है जिसमें से अधिकांश कार्य पूर्ण हो गये हैं।

इसके अलावा 6 चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में रूपये 1.76 करोड़ की लागत से जेनेरिक दवा दुकान कैन्टीन एवं पी.सी.ओ. बूथ का निर्माण कार्य कराया गया है।

**(2) सामान्य प्रशासन विभाग:-**

(क) <u>अनुमंडल कार्यालय का निर्माण</u>-

राज्य में 37 नये अनुमंडल कार्यालय का निर्माण लगभग 2 करोड़ प्रति की लागत से किया जा रहा है, जिसमें से 25 अनुमंडलीय कार्यालय का कार्य पूर्ण है।

**(3) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग:-**

(क) <u>अनुसूचित/पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय का निर्माण</u>:-

रजौली (नवादा), जहानाबाद, औरंगाबाद, जमुई, समस्तीपुर, मधेपुरा, अरवल, लखीसराय में बालक/बालिकाओं के लिए तथा दरभंगा एवं पूर्णियां में पिछडा वर्ग बालिका आवासीय विद्यालय भवन का निर्माण रूपये 329.81 लाख प्रति विद्यालय की लागत से कराया जा रहा है। जिसमें से अरवल जमुई, रजौली (नवादा) एवं जहानाबाद का कार्य पूर्ण है।

**(4) समाज कल्याण विभाग:-**

**(क)** समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत पटना, मुंगेर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, अररिया एवं पूर्णियां में पर्यवेक्षण गृह एवं बाल गृह का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है।

(ख) 120.95 करोड़ की लागत से 2595 आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण की स्वीकृति के विरूद्ध 1001 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण है।

**(5) वाणिज्य कर विभागः-**

वाणिज्य कर विभाग के अंतर्गत राज्य के 12 स्थानों पर वाणिज्य कर अंचल कार्यालय का निर्माण कार्य रूपये 53.29 लाख की लागत से कराया जा रहा है, इसमें से 11 स्थानों पर कार्य पूर्ण कराया गया है एवं एक का कार्य प्रगति में है। संयुक्त कार्यालय भवन मुजफ्फरपुर का निर्माण 460.00 लाख की लागत से कराया जा रहा है।

**(6) कला संस्कृति एवं युवा विभागः-**

कला संस्कृति एवं युवा विभाग के अंतर्गत मुंगेर, छपरा तथा बिहारशरीफ में नया संग्रहालय भवन का निर्माण कार्य प्रगति में है।

जमुई एवं बक्सर में नया संग्रहालय भवन का कार्य पूर्ण है।

इसके अतिरिक्त रूपये 39 करोड़ की लागत से कंकड़बाग स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, कंकड़बाग, पटना का कार्य पूर्ण है।

**(7) मानव संसाधन विकास विभागः-**

(क) मानव संसाधन विकास विभाग के अंतर्गत पटना में शिक्षा भवन का निर्माण कार्य 930.00 लाख की लागत से कराया गया है।

(ख) रूपये 24.32 करोड़ की लागत से 35 परियोजना बालिका विद्यालय का उत्क्रमण कार्य प्रगति में है जिसमें से 27 विद्यालयों का उत्क्रमण कार्य पूर्ण करा दिया गया है।

(ग) रूपये 25.84 करोड़ की लागत से 38 जिलों में एक-एक आदर्श विद्यालय के पुनर्रूत्थान तथा जीर्णोद्धार कार्य योजना क्रियान्वित की जा रही है। 23 स्थानों पर कार्य पूर्ण है।

(घ) सर शिवसागर राम गुलाम उच्च विद्यालय हरिगाँव तथा कल्याण बिगहा में उच्च विद्यालय का निर्माण रूपये 3.00 करोड़ प्रति की लागत पर कराया गया है।

**(8) श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग:-**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बक्सर, हिलसा एवं कल्याण विगहा के कर्मशाला सेड एवं प्रशासनिक भवन सह कक्षा का निर्माण 2.71 करोड़, 2.07 करोड़ एवं 4.09 करोड़ की लागत से पूर्ण कराया गया है। इसके अतिरिक्त बांका, पूर्णियां, घोघरडीहा एवं बेतिया में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बेगूसराय में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का जीर्णोद्धार कराया गया है।

**(9) योजना एवं विकास विभाग:-**

राज्य के पन्द्रह जिलों में जिला सांख्यिकी कार्यालय का निर्माण कार्य 304.11 लाख की लागत से कराया जा रहा है जिसमें से 13 जगहों पर कार्य पूर्ण है।

**(10) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग:-**

(क) कटिहार में 29.54 करोड़ की लागत से राजकीय पॉलिटेक्निक, कटिहार की स्थापना के क्रम में भवन निर्माण का कार्य पूर्ण कराया गया है।

(ख) राजकीय पॉलिटेक्निक, लखीसराय, वैशाली एवं डिहरी तथा राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, मुजफ्फरपुर का निर्माण कार्य प्रगति में है।

**(11) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग:-**

राज्य में 527 स्थानों में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय भवन तथा 10 अनुमंडलीय पशुपालन चिकित्सालय भवन का कार्य क्रमश: 29.31 लाख एवं 51.25 लाख प्रति की लागत राशि पर कराया जा रहा है जिसमें से 414 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय तथा 9 अनुमंडलीय पशु चिकित्सालय भवन का कार्य पूर्ण कराया गया है।

**(12) कृषि विभागः-**

राज्य के 16 जिलों में लगभग 4.00 करोड़ प्रति की लागत से जिला कृषि भवनों का निर्माण कार्य प्रगति में है। जिसमें से किशनगंज का कार्य पूर्ण कराया गया है।

**(13) विधि विभागः-**

**(क)** 18.60 करोड़ की लागत से पटना, गया, आरा, भागलपुर, मोतिहारी, पूर्णियां, छपरा, मुजफ्फरपुर, सहरसा एवं दरभंगा में मेडियेशन भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त है। जिसके विरूद्ध मोतिहारी, पूर्णियां एवं दरभंगा में कार्य प्रगति में है।

**(ख)** 121.73 करोड़ की लागत से राज्य के विभिन्न न्यायालयों में कोर्ट भवन तथा आवासीय भवन का कार्य कराया जा रहा है।

**(ग)** 19.73 करोड़ की लागत से 15 न्यायालय भवनों को हेरिटेज भवन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**(14) निबंधन विभागः-**

**(क)** 36.85 लाख प्रत्येक की लागत से अवर निबंधन कार्यालय भूतही, ढेग एवं पारू का कार्य पूर्ण है।

**(ख)** मुंगेर, मधुबनी, अररिया, बक्सर, छपरा एवं सुपौल में जिला निबंधन कार्यालय तथा दाउदनगर, दलसिंहसराय, किशनपुर, एकमा, मढौरा एवं बहेड़ा में अवर निबंधन कार्यालय का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें से दाउदनगर का कार्य पूर्ण है।

**(15) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग :-₹** 207.56 करोड़ की लागत पर 423 गोदामों के निर्माण की स्वीकृति के आलोक में गोदाम निर्माण का कार्य प्रगति में है तथा 75 गोदामों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है।